नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलगुरु डॉ. मनदीप शर्मा की मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी से उनके निवास पर सौजन्य भेंट

कुलगुरु डॉ. मनदीप शर्मा ने विश्वविद्यालय में चल रहे अनेक कार्यों की जानकारी मुख्यमंत्री को दी साथ ही विश्वविद्यालय में अधूरे पड़े हुए कार्य को पूर्ण करने के लिए मध्य प्रदेश शासन से बजट प्राप्त होने का आग्रह भी किया। डॉ. शर्मा ने विश्वविद्यालय को शैक्षणिक स्तर पर नई ऊंचाइयों पर पहुंचाने हेतु अपना लक्ष्य भी प्रस्तुत किया और मुख्यमंत्री को अस्वस्थ किया कि आने वाले समय में विश्वविद्यालय में शैक्षणिक स्तर पर अनुसंधान के स्तर पर देश का अग्रणी विश्वविद्यालय के रूप में अपनी पहचान बनाएगा एवं मुख्यमंत्री को अस्वस्थ किया कि गौ संवर्धन एवं गौपालन हेतु विश्वविद्यालय स्तर पर किसानों एवं गाय पालकों को प्रशिक्षण दिया जाएगा और उनको गाय पालन हेतु प्रोत्साहित भी किया जाएगा स

विश्वविद्यालय में शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक कर्मचारियों की रिक्त सीटों पर शीघ्र ही नियम अनुसार भर्ती प्रक्रिया पूर्ण की जाएगी मुख्यमंत्री ने कुलगुरु को पूर्ण रूप से आश्वासन दिया है कि प्रदेश सरकार हर प्रकार से विश्वविद्यालय को सहयोग प्रदान करेगा और किसी भी प्रकार से विकास में वित्तीय समस्या नहीं आएगी, मुख्यमंत्री ने शीघ्र ही विश्वविद्यालय में भ्रमण हेतु आने का आश्वासन भी दिया इस दौरान कुलगुरु के साथ विश्वविद्यालय के सहायक कुल सचिव डॉ. रामकिंकर मिश्रा एवं भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कोषाध्यक्ष श्री अखिल जैन भी उपस्थित रहे।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर